Regarding need to construct roads under PMGSY connecting villages in Alirajpur area in Ratlam Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh-Laid

श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान (रतलाम) : मेरे संसदीय क्षेत्र रतलाम के काफी गांवों मे सड़कों की समस्या बनी हुई हैं, जिसमे कि मुख्यतया अलीराजपुर क्षेत्र में एक गाँव से दूसरे गांव मे जाने के लिए सड़कों के हालात बिल्कुल अच्छे नहीं है तथा अभी भी यहाँ पर कच्ची सड़के हैं । बच्चों को स्कूल जाने तथा ग्रामीणों को एक गाँव से दूसरे गाँव मे जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, तथा खास तौर पर बारिश के समय में तो यहाँ की सड़कें कीचड़ मे तब्दील हो जाती हैं और लोगों को गाँव से निकालना काफी कठिन हो जाता है तथा वहीं गांवों मे किसी कि तबीयत बिगड़ती है तो उसे अस्पताल ले जाना मुश्किल हो जाता है और ऐसे मे मरीजों की इलाज में देरी होने के कारण मृत्यु होने के खतरा बना रहता है । यहाँ पर सड़कों का निर्माण किया जाना नितांत आवश्यक है । अतः मेरा केन्द्र सरकार से यह निवेदन है कि यहाँ पर ग्रामीण सड़कों का सर्वे कराकर, प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत फलिया रोड़ का निर्माण कराया जाए जिससे ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा हो सके ।